माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पंत्राक : 738 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 19/10/23

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्र 548 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांकः 02.10.2023 के द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर अंक पोर्टल पर दिनांकः 10.10.2023 तक अपलोड करने की अपेक्षा की गई थी, किन्तु कतिपय महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अभी तक प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं। इसका संज्ञान लेते हुए माननीय कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह आदेश प्रदान किये हैं कि जिन महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अभी तक आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक अंक अपलोड नहीं किये गये हैं उन्हें 03 दिवस में आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक अपलोड करने हेतु निदेशित किया जाय।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिन महाविद्यालय / संस्थान ने अभी तक आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये हैं, उन महाविद्यालय / संस्थान को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए आन्तरिक व प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक पोर्टल पर प्रत्येक दशा में विलम्बतम दिनांकः 21.10.2023 तक अपलोड कर अंकपर्ण की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में महाविद्यालय / संस्थान के परीक्षाफल रोक दिये जायेगें, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

19.X.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. प्रभारी गोपनीय / प्रभारी परीक्षा।
4. प्रभारी वेबसाइट।
5. गार्ड फाईल।

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक